Overall Cost of Capital $K_0 = \frac{EBIT}{V}$	0.1333
	or 13.33%

Alternatively, k_o can be calculated as follows:-

$$K_o = Kd + K_e = 0.10\left(\frac{10,00,000}{30,00,000}\right) + 0.15\left(\frac{20,00,000}{30,00,000}\right)$$

= 0.1333.

3. Ans:

वे खाते जो किसी लेखा वर्ष के अंत में किसी व्यवसाय की वित्तीय स्थिति व परिणाम दर्शाने के लिए तैयार किए जाते है, उन्हें वार्षिक खाते कहते हैं। इनकी आवश्यकता एक व्यवसाय को निम्न कारणों से पड़ती है।

(i) व्यवसाय के लाभ या हानि का पता लगाने हेतु-एक वर्ष में व्यवसाय ने कितना कमाया या नुकसान किया यह जानने हेतु।

(ii) व्यवसाय की वित्तीय स्थिति (Financial Position) जानने हेतु- Business के Assets, Liabilities और Capital की स्थिति Balance sheet के माध्यम से पता चलती है।

(iii) कर निर्धारण (Tax Assessment) के लिए- आयकर और अन्य टैक्स सही तरीके से निर्धारित करने के लिए वार्षिक खाते आवश्यक हैं।

(iv) निवेशकों, ऋणदाताओं और प्रबंधन को जानकारी देने हेतु

- Investors और Creditors को यह जानने की जरुरत होती है कि व्यवसाय वित्तीय रूप से कितनी सुरक्षित है।
- Management भी निर्णय लेने के लिए इन खातों का उपयोग करता है।

(v) भविष्य की योजना एवं निर्णय लेने हेतु- वार्षिक खातों के आधार पर बजट बनता है, नई योजनाएँ तैयार होती है और रणनीतियाँ बनती है।

4. Ans:

रिजर्व एवं सरप्लस (Reserve and Surplus) यह वह राशि है जो कंपनी ने अपने संचालन से अर्जित की है और जिसे लाभांश के रूप में वितरित नहीं किया गया है। यह कंपनी के आंतरिक वित्तीय सामर्थ्य और विकास के लिए स्वनिधि का एक प्रमुख स्रोत है।

रिजर्व एवं सरप्लस (Reserve and Surplus) की भूमिका;



मुख्य प्रकार

प्रकार		विवरण
1.	पूँजी संचिति (Capital Reserve)	ऐसे लाभ से बनाया जाता है जो व्यवसायिक गतिविधियों से उत्पन्न नहीं हुआ (जैसे, पूँजीगत लाभ)। इसे लाभांश के रूप में वितरित नहीं किया जा सकता।
2.	सिक्योरिटी प्रीमियम रिजर्व (Security Premium Reserve)	शेयरों का अंकित मूल्य से अधिक पर जारी करने पर प्राप्त प्रीमियम से बनता है।
3.	सामान्य रिजर्व (General Reserve)	व्यवसाय की भविष्य की अनिश्चिताओं के लिए सामान्य लाभों में से बनाया जाता है। इसका कोई विशिष्ट उद्देश्य नहीं होता है।
4.	संचित लाभ (Retained Earning)	यह वह शेष राशि है जो सभी व्यय, कर, लाभांश और रिजर्व में हस्तांतरण बाद लाभ-हानि खाते में बचती है।

5. Ans:

लेखा परीक्षा की सटीक उत्पत्ति बताना कठिन है, परंतु इसका विकास औद्योगिक, आर्थिक और सामाजिक परिवर्तनों का परिणाम है। **'Audit'** शब्द लैटिन शब्द **'Audire'** से बना है, जिसका अर्थ है "सुनना"। प्राचीन यूनान, रोम और मिश्र सभ्याताओं में लेखापरीक्षा के प्रमाण मिलते हैं। भारत में रामायण, महाभारत और वेदों में व्यवस्थित लेखा का उल्लेख है। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में राज्य वित्त की लेखा और

लेखापरीक्षा प्रणाली का वर्णन मिलता है, जिसमें भ्रष्टाचार रोकने के उपाय भी बताए गए हैं।

15 वीं शताब्दी में लुकास पैसिओली ने '**De computis et Scripturis (1494)**' में **Double Entry System** का विवरण दिया, जिससे आधुनिक लेखांकन की नींव रखी गई। **1880** में **Institute of Chartered Accountant of England and wales** की स्थापना ने इसे पेशेवर स्वरूप दिया। भारत में लेखापरीक्षा का औपचारिक विकास **भारतीय कंपनी अधिनियम, 1913** से प्रारंभ हुआ। **चार्टर्ड एकाउंटेंट्स अधिनियम, 1949** के तहत **ICAI** की स्थापना हुई। आगे **ICWAI (1959), आयकर अधिनियम (1984) संशोधन** और **RBI आदेश (1985)** ने इसकी भूमिका को सुदृढ़ किया। आज लेखापरीक्षा सुशासन और वित्तीय पारदर्शिता का आधार बन चुकी है।

6. Ans:

अंकेक्षण में प्रमाणों की जाँच अत्यंत महत्वपूर्ण होती है क्योंकि इन्हीं के आधार पर अंकेक्षक अपनी राय बनाता है। इसलिए प्रमाणकों की जाँच करते समय अंकेक्षक को निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए-

(1) प्रमाणक की विश्वसनीयता- प्रमाणक विश्वसनीय स्रोत से प्राप्त होना चाहिए। जैसे- बैंक स्टेटमेंट, चालान, वाउचर, बिल आदि। बाहरी स्रोतों से प्राप्त प्रमाणक अधिक विश्वसनीय माने जाते हैं।

(2) प्रमाणक की पर्याप्तता- प्रमाणक की संख्या और मात्रा इतनी हो कि उस पर भरोसा किया जा सके।

(3) प्रमाणक की उपयुक्तता- प्रमाणक उस लेन-देन से संबंधित होना चाहिए जिसकी जाँच की जा रही है।

(4) प्रमाणक की तिथि और प्रामाणीकता- सभी प्रमाणक तिथि सहित और सही रूप से अधिकृत होने चाहिए।

अतः अंकेक्षक को प्रमाणों की पर्याप्तता, उपयुक्तता, प्रामाणिकता, और विश्वसनीयता की जाँच करते हुए ही अपनी अंकेक्षण रिपोर्ट तैयार करनी चाहिए।

7. Ans:

बजटिंग से आशयः बजटिंग एक वित्तीय प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत किसी संस्था, संगठन, परिवार या सरकार की आय और व्यय का अनुमान लगाकर भविष्य की गतिविधियों की योजना बनाई जाती है। यह एक प्रकार की वित्तीय योजना (Financial Planning) है जिसमें उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करने तथा वित्तीय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पूर्वनिर्धारित रूपरेखा तैयार की जाती है।

बजटिंग के महत्वः बजटिंग के महत्त्व को निम्नांकित बिन्दुओं की सहायता से आसानीपूर्वक समझा जा सकता है–

(i) यह संगठन को अपने आर्थिक निर्णयों को योजनाबद्ध ढंग से लेने में सहायता करती है।

(ii) बजटिंग वित्तीय अनुशासन बनाए रखने में सहायक होती है।

(iii) यह संसाधनों के उचित उपयोग, व्यर्थ खर्चों की रोकथाम तथा बचत को प्रोत्साहित करती है।

(iv) इसके माध्यम से अनावश्यक खर्चों को नियंत्रित किया जा सकता है, जिससे बचत और निवेश के अवसर बढ़ते हैं।

(v) बजटिंग भविष्य की संभावित परिस्थितियों का पूर्वानुमान करने, कार्यों का मूल्यांकन करने और कर्मचारियों को लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में प्रेरित करने में सहायक होती है।

8. Ans:

बजटिंग की आवश्यकताः बजटिंग किसी भी संगठन के लिए एक रूपरेखा तैयार करने की आवश्यक प्रक्रिया है। इसकी आवश्यकता निम्नलिखित कारणों से है–

■ **संसाधनों का कुशल आवंटन**ः सीमित संसाधनों (धन, सामग्री, श्रम) को विभिन्न गतिविधियों में प्राथमिकता के आधार पर आवंटित करना।

■ **योजना एवं नियंत्रण**ः भविष्य के लिए वित्तीय लक्ष्य निर्धारित करना और वास्तविक प्रदर्शन की इन लक्ष्यों से तुलना करके विचलनों को सुधारना।

■ **निर्णयन में सहायक**ः यह डेटा-आधारित निर्णय लेने में मदद करता है, जैसे नई परियोजनाओं में निवेश।

■ **समन्वय स्थापित करना**ः विभिन्न विभागों की गतिविधियों को सामान्य संगठनात्मक लक्ष्यों के साथ जोड़ता है।



(i) योजना का सिद्धांतः बजट भविष्य की गतिविधियों की एक व्यवस्थित योजना है।

(ii) जिम्मेदारी का सिद्धांतः बजट तैयार करने और उसे पूरा करने की जिम्मेदारी संबंधित विभाग के प्रबंधकों को दी जानी चाहिए।

(iii) लचीलेपन का सिद्धांतः बजट मे अपरिहार्य परिस्थितियों मे आवश्यकतानुसार समायोजन की गुंजाइश होनी चाहिए।

(iv) पर्याप्तता का सिद्धांतः बजट यथार्थवादी और प्राप्त करने योग्य लक्ष्य निर्धारित करे।

बजटिंग प्रक्रिया का चक्रः



9. Ans:
लेखांकन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा किसी व्यवसाय की आर्थिक घटनाओं को एक व्यवस्थित रूप में दर्ज किया जाता है, वर्गीकृत किया जाता है, सारांशित किया जाता है और उनके परिणामों का विश्लेषण एवं व्याख्या की जाती है ताकि प्रबंधन, निवेशक, ऋणदाता और अन्य हितधारक निर्णय ले सकें।

अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ सर्टिफाइड पब्लिक एकाउंटेंट्स (AICPA) के अनुसार- ''लेखांकन का संबंध उन लेन-देनों एवं घटनाओं, जो पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से वित्तीय प्रकृति के होते हैं, मुद्रा के रूप में प्रभावशाली ढंग से लिखने, वर्गीकृत करने, संक्षेप में व्यक्त करने एवं उनके परिणामों की विश्लेषणात्मक व्याख्या करने की कला से है।''

लेखांकन के मुख्य उद्देश्यः

- वित्तीय लेन-देन का व्यवस्थित लेखा रखना
- लाभ या हानि का पता लगाना
- वित्तीय स्थिति का निर्धारण करना
- भविष्य की योजनाओं के लिए जानकारी प्रदान करना
- कानूनी आवश्यकताओं की पूर्ति करना

10. Ans:
लेखांकन को कला और विज्ञान दोनों माना जाता है। लेखांकन विज्ञान है क्योंकि यह सिद्धांतों पर आधारित है, और कला है क्योंकि इन सिद्धांतों का प्रयोग व्यक्तिगत बुद्धि और अनुभव से होता है। जैसे- चित्रकार रंगों (सिद्धांत) का प्रयोग अपनी कला से करता है, वैसे ही लेखाकार सिद्धांतों का प्रयोग अपनी कला से करता है।

लेखांकन एक कला है क्योंकि-

- यह व्यक्तिगत कौशल, अनुभव और निर्णय पर निर्भर करता है।
- विभिन्न परिस्थितियों में एक ही लेन-देन का लेखांकन अलग-अलग तरीके से किया जा सकता है।
- उदाहरण-स्टॉक का मूल्यांकन FIFO, LIFO या भारित औसत विधि से किया जा सकता है- यह प्रबंधक का निर्णय है।

लेखांकन एक विज्ञान है क्योंकि-

- यह निश्चित सिद्धांतों, नियमों और मानकों पर आधारित है (जैसे द्वैत सिद्धांत)।
- इसमें वैज्ञानिक पद्धति-अवलोकन, मापन, वर्गीकरण, विश्लेषण का प्रयोग होता है।

उदाहरण- प्रत्येक लेन-देन का दोहरा प्रभाव पड़ता है- ''हर नामे लिए जमा''- यह एक वैज्ञानिक नियम है।

11. Ans:
कर, अनिवार्य वित्तीय शुल्क है जो सरकार द्वारा सार्वजनिक सेवाओं एवं सरकारी कार्यों के वित्तपोषण के लिए व्यक्तियों, व्यवसायों या संपत्ति पर लगाए जाते हैं।

- करदाता और सार्वजनिक प्राधिकरण के बीच कोई लेन-देन नहीं होता है।
- भारत में कर प्रणाली में प्रत्यक्ष कर, अप्रत्यक्ष कर और अन्य करों का मिश्रण शामिल है।

करों के प्रकार-ः



प्रत्यक्ष करः- ये कर व्यक्तियों या संस्थाओं द्वारा सरकार को अदा किये जाते हैं तथा इन्हें दूसरों को हस्तांतरित नहीं किया जा सकता है।

अप्रत्यक्ष करः- ये वस्तुओं और सेवाओं पर लगाए जाते हैं और यह बिक्री पर बिचौलियों द्वारा उपभोक्ताओं से वसूले जाते हैं और सरकार को अदा किये जाते हैं।

अन्य करः- ये कर विशिष्ट उद्देश्यों के लिए लगाए जाते है (अक्सर बुनियादी ढाँचे या कल्याण कार्यक्रमों के वित्तपोषण के लिए)।

12. Ans:
निवासीय स्थिति तथा कर-भार में सम्बन्ध- करदाता पर कर-भार उसकी निवासीय स्थिति पर निर्भर करता है तथा इस बात पर भी निर्भर करता है कि आय कहाँ तथा कब अर्जित अथवा प्राप्त हुई है।

(I) साधारण निवासी (Ordinary Resident) की दशा में कर भारः एक निवासी की किसी गत वर्ष की सब साधनों से आय उसकी कुल आय में सम्मिलित की जाती है जो उस वर्ष में उसेः

(अ) भारत में प्राप्त हुई हो।
(ब) भारत में प्राप्त हुई समझी जाए।
(स) भारत में उपार्जित अथवा उदय हुई हो।
(द) भारत में उपार्जित अथवा उदय हुई समझी जाए।
(य) भारत के बाहर उपार्जित अथवा उदय हुई हो।

अतः एक साधारण निवासी अपनी विश्व भर में कहीं भी कमाई गई आय पर कर देने का दायी है।

(II) असाधारण निवासी (Not ordinarily Resident) की दशा में कर भारः एक असाधारण निवासी की कुल आय में निम्न प्रकार की वह सब आय सम्मिलित की जाती है जो गत वर्ष में उसेः

(क) भारत में प्राप्त हुई हो।
(ख) भारत में प्राप्त हुई समझी गई हो।
(ग) भारत में उपार्जित अथवा उदय हुई हो।
(घ) भारत में उपार्जित अथवा उदय हुई समझी जाए।
(ङ) भारत के बाहर उपार्जित अथवा उदय हुई ऐसे व्यापार की आय है जो व्यापार भारत से नियन्त्रित होता हो।

अतः असाधारण निवासी को समस्त भारतीय आय पर तथा विदेशी की भारत से नियंत्रित आय पर कर देना होता है।

(III) अनिवासी (Non resident) की दशा में कर-भारः एक अनिवासी व्यक्ति की किसी गत वर्ष की कुल आय में किसी भी साधन से प्राप्त निम्न प्रकार की आय सम्मिलित की जाती है जो गत वर्ष में उसेः

(क) भारत में प्राप्त हुई हो।

(ख) भारत में प्राप्त हुई समझी गई हो।

(ग) भारत में उपार्जित अथवा उदय हुई हो।

(घ) भारत में उपार्जित अथवा उदय हुई समझी जाए।

अतः वह अपनी विदेशी आयों पर कर चुकाने का उत्तरदायी नहीं है। उसका दायित्व केवल भारतीय आय पर कर चुकाने का है।

13. Ans:

गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) भारत सरकार द्वारा स्थापित एक ऑनलाइन, ओपन-बिडिंग प्लेटफॉर्म है जिसका मुख्य उद्देश्य सरकारी विभागों, संगठनों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSUs) के लिए सामान्य उपयोग की वस्तुओं और सेवाओं की खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी, कुशल और तेज बनाना है। यह पोर्टल, 9 अगस्त 2016 को वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किया गया।

इसके प्रमुख उद्देश्यों में खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना, लागत में कमी करना, प्रक्रिया में तेजी लाना, छोटे और सूक्ष्म उद्यमों (MSMEs) को बढ़ावा देना और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना शामिल है।

GeM के प्रमुख उद्देश्य-

1. खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना- GeM पर सभी वस्तुएं और सेवाएं खुली बोली या प्रत्यक्ष खरीद के माध्यम से उपलब्ध होती है, जिससे भ्रष्टाचार और पक्षपात कम होता है।

2. लागत में कमी (Cost reduction)- प्रतिस्पर्धी बोलियों के माध्यम से वस्तुएं और सेवाएं कम कीमत पर उपलब्ध होती है, जिससे सरकार को आर्थिक बचत होती है।

3. MSME, स्टार्टअप और छोटे विक्रेताओं को बढ़ावा देना- GeM प्लेटफॉर्म छोटे उद्योगों को बिना बिचौलियों के सीधे सरकारी खरीद प्रणाली से जोड़ता है, जिससे उन्हें बाजार तक पहुंच मिलती है।

4. खरीद प्रक्रिया की निगरानी आसान बनाना- रियल टाइम डेटा, डैशबोर्ड और एनलिटिक्स के माध्यम से सरकार खरीद प्रक्रिया की निगरानी प्रभावी ढंग से कर सकती है।

14. Ans:

GeM 4.0 Government e-Market Place का उन्नत संस्करण है, जिसे सरकारी खरीद प्रणाली को और अधिक स्मार्ट, सुरक्षित और तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के लिए लागू किया गया है। इस संस्करण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), डेटा एनालिटिक्स, और मशीन लर्निंग (ML), तकनीकों का उपयोग किया गया है ताकि खरीद प्रक्रिया अधिक स्वचालित और कुशल हो सके।

GeM 4.0 में निम्नलिखित सुधार किए गए हैं-

1. Multi-Vendor Support- एक ही उत्पाद को कई विक्रेताओं से तुलना करने की सुविधा।

2. Payment Tracking- भुगतान की स्थिति ऑनलाइन ट्रैक की जा सकती है।

3. Enhanced Security- डेटा एन्क्रिप्शन और साइबर सुरक्षा को मजबूत किया गया है।

4. AI-Based Recommendations- खरीदारों को उपयुक्त उत्पादों का सुझाव देना।

GeM 4.0 ने न केवल प्रणाली की कार्यक्षमता बढ़ाई है, बल्कि उपयोगकर्ताओं का अनुभव भी सहज और विश्वसनीय बनाया है।

15. Ans:

अग्रिम कर की किस्तें तथा देय तिथियांः

प्रत्येक करदाता, जो अग्रिम कर चुकाने का उत्तरदायी है। अपनी चालू आय पर अग्रिम कर वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्न प्रकार चुकायेगाः

(A) कम्पनी करदाताओं की दशा में किस्तों की देय तिथियां	**अग्रिम कर की राशि का प्रतिशत**
1. 15 जून अथवा उससे पूर्व	15%
2. 15 सितम्बर अथवा उससे पूर्व	45% (पहली किस्त में चुकाई गई राशि घटाकर) अर्थात् 30%
3. 15 दिसम्बर अथवा उससे पूर्व	75% (पूर्व किस्तों में चुकाई गई राशि घटाकर) अर्थात् 30%
4. 15 मार्च अथवा उससे पूर्व	100% (पूर्व किस्तों में चुकाई गई राशि घटाकर) अर्थात् 25%
(B) गैर-कम्पनी करदाताओं की दशा में किस्तों की देय तिथियाँ	**अग्रिम कर की राशि की प्रतिशत**
(1) 15 सितम्बर तक	30%
(2) 15 दिसम्बर तक	60% (पूर्व किस्त में चुकायी गयी राशि घटाकर) अर्थात् 30%
(3) 15 मार्च तक	100% (पूर्व किस्तों में चुकायी गयी राशि घटाकर) अर्थात् 40%

(4) 31 मार्च तक चुकायी गई अग्रिम कर की राशि को भी इसी वित्तीय वर्ष में चुकाया गया अग्रिम कर माना जायेगा।

PRACTICE SET - 2

PART-A (OBJECTION QUESTIONS)

1. निम्नलिखित में से कौन-सा वक्तव्य जी०एस०टी० के बारे में सही नहीं है?

(a) वस्तु एवं सेवा कर एक अंतिम बिंदु पर लगाया जाने वाला रिटेल टैक्स की तरह है। इस कर को उपभोक्ता से वसूला जाता है।
(b) वस्तु एवं सेवा कर भारत में प्रचलित सभी प्रत्यक्ष करों को समाप्त कर देगा।
(c) यह पूरे देश में 1 जुलाई, 2017 से लागू किया जाएगा।
(d) यह भारत में कर ढाँचे को एकीकृत करेगा।

2. Marginal cost equation is
सीमांत लागत समीकरण है:

(a) F – V – P = S (b) S – F = V + P
(c) S – V = F + P (d) S + P = F + V

3. Current cost accounting method does not involve:
चालू लागत लेखांकन प्रक्रिया में शामिल नहीं है-

(a) Gearing adjustment/गियरिंग समायोजन
(b) Depreciation adjustment/ह्रास समायोजन
(c) Cost of sale adjutment/बिक्रय की लागत समायोजन
(d) Leverage adjustment/उत्तोलन समायोजन

4. Balance sheet is a _________ financial report
तुलन पत्र एक .... वित्तीय रिपोर्ट है

(a) Static/ स्थैतिक
(b) Dynamic/ गतिक
(c) Graphic/ ग्राफिक
(d) Budgetary/ बजट संबंधी

5. Tallied trial balance indicates :
तलपट का मिलना बताता है :

(a) Accuracy of book keeping / बही-खाता की शुद्धता
(b) Proper maintenance of books of accounts
खाता पुस्तकों का उचित रख-रखाव
(c) Arithmetical accuracy of books
पुस्तकों की अंकगणितीय शुद्धता
(d) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नहीं

6. In which ledger double entry system is completed?/किस खाते में दोहरा लेखा प्रणाली पूरा हो गया है?

(a) General ledger/सामान्य खाताबही
(b) Personal ledger/व्यक्तिगत खाताबही
(c) Creditor's ledger/लेनदारों के खाताबही
(d) Debtor's ledger/देनदारों के खाताबही

7. Arrange the following countries in the ascending order of their contribution to the WTO budget 2020:
निम्नलिखित देशों को डब्ल्यु टी ओ बजट 2020 में उनके अंशदान के अनुसार आरोही क्रम में लगाएं

(A) China/चीन
(B) Japan/जापान
(C) Germany/जर्मनी
(D) United states of America/संयुक्त राज्य अमेरिका
(E) United kingdom/यूनाइटेड किंगडम

Choose the correct answer from the option given below:/नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) (A),(B),(D),(E) and (C)
(A),(B),(D),(E) और (C)
(b) (D),(A),(B),(E) and (C)
(D),(A),(B),(E) और (C)
(c) (E),(B),(C),(A) and (D)
(E),(B),(C),(A) और (D)
(d) (D),(A),(B),(C) and (E)
(D),(A),(B),(C) और (E)

8. PAN is related to:
''पैन' का सम्बन्ध है -

(a) Income tax/ आय कर से
(b) Railways/ रेल से
(c) Post office/ डाक खाना से
(d) Banks/ बैंक से

9. The type of lease requiring an agreement between the financier and lessor is known as
वित्तपोषक और पट्टाकर्ता के बीच किसी अनुबंध की आवश्यकता संबंधी पट्टा के प्रकार को कहा जाता है

(a) Financial lease/ वित्तीय पट्टा
(b) Sale and lease back/ विक्रय और पट्टा वापसी
(c) Leveraged lease/ लीवरेज्ड पट्टा
(d) Operating lease/ परिचलन पट्टा

10. Mutually exclusive projects can be more accurately ranked as per
पारस्परिक रूप से अन्योन्य परियोजनाओं को अधिक अच्छे ढंग से श्रेणीयन किसके अनुसार किया जा सकता है?

(a) Internal rate of return method
आन्तरिक प्रत्याय दर पद्धति
(b) Net Present Value Method
निवल वर्तमान मूल्य पद्धति
(c) Modified Internal Rate of Returns Method
संशोधित आन्तरिक प्रत्याय दर पद्धति
(d) Accounting or Average Rate of Return Method
लेखांकन या औसत प्रत्याय दर पद्धति

11. SEBI के Chairman की नियुक्ति की जाती है
(a) केन्द्रीय सरकार द्वारा
(b) भारत के राष्ट्रपति द्वारा
(c) संसद द्वारा
(d) राज्य सरकार द्वारा

12. Given below are two statements:
Statement I : Capital market plays an important role in mobilizing resources and diverting them in productive channels.
Statement II: Capital market is a market where buyers and sellers engage in trade of financial securities like bonds, stocks, etc.
In the light of the above statements. choose the correct answer from the option given below:
नीचे दो कथन दिए गए हैं।
कथन I : संसाधनों के प्राप्त करने एवं उनके उचित उपभोग में पूँजी बाजार महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करता है।
कथन II : पूँजी बाजार वह बाजार है जहाँ क्रेता एवं विक्रेता वित्तीय प्रतिभूतियों जैसे बॉण्ड, स्टॉक आदि के व्यापार में संलग्न होते हैं।
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।
(a) Both Statement I and Statement II are true
कथन I और II दोनों सहीं है।
(b) Both Statement I and Statement II are false
कथन I और II दोनों गलत हैं।
(c) Statement I is true but Statement II is false
कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(d) Statement I is false but statement II is true/कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।

13. जब स्थिर लागत 10,000 रुपये है एवं लाभ मात्रा अनुपात 20% है तो सम-विच्छेद बिन्दु होगाः
(a) ₹ 2000 (b) ₹ 5000
(c) ₹ 50,000 (d) ₹ 10,000

14. The appropriate ratio for indicating liquidity crisis is
तरलता संकट सूचित करने के लिये समुचित अनुपात है–
(a) Operating ratio/ परिचालन अनुपात
(b) Sales turnover ratio/ विक्रय आवर्त्त अनुपात
(c) Current ratio/ चालू अनुपात
(d) Acid test ratio/ अम्ल परीक्षण अनुपात

15. Which of the following is not correctly matched?
निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?

Class वर्ग	Ratio अनुपात
(a) Profitability लाभदायकता	- Operating Ratio - संचालन अनुपात
(b) Activity क्रियाशीलता	- Proprietary Ratio - स्वामित्व अनुपात
(c) Liquidity तरलता	- Current Ratio - चालू अनुपात
(d) Long term Solvency दीर्घकालीन शोधन क्षमता	- Debt equity ratio - ऋण समता अनुपात

16. Dividend irrelevance argument of MM Model is based on :
एम.एम. प्रतिरूप का लाभांश अप्रासंगिकता तर्क आधारित है :
(a) Hedging/ हेजिंग
(b) Issue of Debentures/ ऋणपत्रों का निर्गमन
(c) Liquidity/ तरलता
(d) Arbitrage/ आरबिट्रेज

17. Exempted income is:/कर मुक्त आय है–
(a) Provident fund/भविष्य निधि
(b) Lottery/लाटरी
(c) Horse race/घोड़ों की दौड़
(d) All of these/ये सभी

18. The exemption with respect to HRA is based upon the following factors?
मकान किराया भत्ते में छूट निम्नलिखित कारकों पर निर्भर हैः
(A) Rent paid/भुगतान किया गया किराया
(B) Place of Residence/निवास स्थान
(C) Salary/वेतन
(D) HRA Received/ प्राप्त मकान किराया भत्ता
(E) Fair Rent/उचित किराया
(F) Market Rent/बाजार किराया
Choose the most appropriate answer from the option given below:/नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए
(a) (A),(B),(C),(D) only /केवल (A),(B),(C),(D)
(b) (A),(C),(D), (F) only /केवल (A),(C),(D),(F)
(c) (A),(B),(C),(F) only /केवल (A),(B),(C),(F)
(d) (A),(B),(E),(F) only /केवल (A),(B),(E),(F)

19. Which of the following is not a direct tax?
निम्नलिखित में से कौन-सा प्रत्यक्ष कर नहीं है?
(a) Income Tax/आयकर
(b) Wealth Tax/धनकर
(c) Gift Tax/उपहार कर
(d) Production Tax/उत्पादन कर

20. Checking the valuation of assets is a part of:
सम्पत्तियों के मूल्यांकन की जाँच करने का भाग होता है -
(a) Routine Checking/ नैत्यक जाँच
(b) Vouching/ प्रमाणन
(c) Verification/ सत्यापन
(d) Internal check/ आन्तरिक रोकथाम

21. The first annual general meeting of the company must be held/कम्पनी की प्रथम वार्षिक सामान्य सभा आयोजित की जानी चाहिए।

(a) Within 3 months from the date of closing of first financial year of the company/कम्पनी के प्रथम वित्तीय वर्ष के समापन के 3 माह के अन्दर
(b) Within 6 months from the date of closing of first financial year of the company/कम्पनी के प्रथम वित्तीय वर्ष के समापन के 6 माह के अन्दर
(c) Within 9 months from the date of closing of first financial year of the company/कम्पनी के प्रथम वित्तीय वर्ष के समापन के 9 माह के अन्दर
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

22. निम्नांकित में से किसको ''लेखा–परीक्षक की रीढ़'' समझा जाता है?

(a) परिसम्पत्तियों का सत्यापन
(b) परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन
(c) प्रमाणन
(d) लेखा–परीक्षण नियोजन

23. अंकेक्षक का कार्य है :

(a) खातों में गणितीय शुद्धता की जाँच करना
(b) अशुद्धियों को ढूँढना एवं रोकना
(c) कपट को ढूँढना एवं रोकना
(d) उपर्युक्त सभी

24. Auditing is compulsory for
अंकेक्षण अनिवार्य है–

(a) Joint Stock Companies/संयुक्त स्कन्ध कम्पनी के लिये
(b) Banking Companies/बैंकिंग कम्पनियों के लिये
(c) Co-operative Societies/सहकारी समितियों के लिये
(d) All of the above/उपर्युक्त सभी के लिये

25. Internal check is a part of :
आन्तरिक रोकथाम निम्न का अंश है -

(a) Internal audit/आन्तरिक अंकेक्षण
(b) Internal control/आन्तरिक नियंत्रण
(c) Annual audit/वार्षिक अंकेक्षण
(d) Standard audit/प्रमाप अंकेक्षण

26. यदि एक कम्पनी में, एक व्यक्ति का कार्य दूसरे व्यक्ति के कार्य पूरक है, तो वह इसका सम्बन्ध .... से होता है :

(a) आंतरिक नियंत्रण (b) आंतरिक लेखा–परीक्षण
(c) आंतरिक जांच (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

27. A systematic examination of books and record of a business is called
किसी व्यवसाय की पुस्तकों और अभिलेखों की व्यवस्थित जाँच को कहा जाता है

(a) Auditing/अंकेक्षण
(b) Vouching/प्रमाणन
(c) Verification/सत्यापन
(d) Checking/जाँच पड़ताल

28. वर्ष के मध्य में दिए गए लाभांश को प्रदर्शित करेंगे :

(a) लाभ-हानि खाते मे
(b) लाभ-हानि समायोजन खाते में
(c) चिट्ठे में सम्पत्ति पक्ष में
(d) चिट्ठे में दायित्व पक्ष में

29. Arrange the following liabilities in the order of company balance sheet./निम्नांकित दायित्वों को कम्पनी के चिट्ठे के क्रमानुसार व्यवस्थित करें :

(i) Bank Overdraft/बैंक अधिविकर्ष
(ii) Bank Loan/बैंक ऋण
(iii) Share Capital/अंश पूँजी
(iv) Provision for Taxation/करारोपण के लिये प्रावधान

(a) i, ii, iii, iv (b) iv, iii, ii, i
(c) iii, ii, i, iv (d) iii, ii, iv, i

30. Which one of the following errors will affect the Trial Balance :/निम्नलिखित में से कौन-सी त्रुटि तलपट को प्रभावित करेगी ?

(a) In a Purchase Book, Total is carried forward to next page with Rs. 105 less / क्रय बही में, योग को दूसरे पृष्ठ पर 105 रु. से कम ले जाया गया
(b) Amount spent as wages on construction of a room was credited to wages account
एक कमरे के निर्माण पर, दी गई मजदूरी को मजदूरी खाते में क्रेडिट किया गया
(c) Total in purchase return book found to be less by Rs. 53
क्रय वापसी बही में योग को 53 रु. से कम पाया गया
(d) None of the above/ उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

31. Ledger is an accounting book in which
खाता बही एक ऐसी लेखा पुस्तिका है जिसमें

(a) Only Real Accounts are opened
केवल वास्तविक खाते खोले जाते हैं
(b) Only Real and Personal Accounts are opened
केवल वास्तविक और व्यक्तिगत खाते खोले जाते हैं
(c) All the Real, Personal and Nominal Accounts are opened/सभी वास्तविक, व्यक्तिगत और नाम मात्र खाते खोले जाते हैं
(d) Only Trading and Profit and Loss Accounts are opened/केवल व्यापार एवं लाभ-हानि खाता खोला जाता है

32. The return of goods by a customer is debited to : / किसी ग्राहक द्वारा वापस किये गये माल को डेबिट किया जाता है :

(a) Sales Return Account/विक्रय वापसी खातें में
(b) Customer's Account/ग्राहक के खाते में
(c) Purchase Account/क्रय खाते में
(d) Stock Account/स्टॉक खाते में

33. Which of the following accounts is Nominal A/c?/निम्नलिखित में से कौन-सा नाममात्र खाता है?

(a) Interest A/c/ब्याज खाता
(b) Accrued Interest A/c/उपार्जित ब्याज खाता